---

संसद का बजट सत्र इस महीने की अट्ठाईस तारीख़ से शुरू होकर दो अप्रैल तक चलेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि सत्र का पहला चरण तेरह फरवरी को समाप्त होगा। उन्होंने कहा कि दूसरा चरण नौ मार्च को शुरू होगा। श्री रिजिजू ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बजट सत्र के लिए संसद के दोनों सदनों का सत्र बुलाने की स्वीकृति दे दी है।

———————————————————

केंद्रीय खेल और युवा मामलों के मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि देश के भविष्य को आकार देने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। नई दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए श्री मांडविया ने कहा कि यह संवाद युवा नेतृत्व को प्रौद्योगिकी, उद्यमिता, शासन, सतत और सामाजिक विकास जैसे क्षेत्रों के समाधान के लिए प्रोत्साहित करेगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि यह डायलॉग दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के निर्माण के लिए युवाओं की प्रतिभा और रचनात्मकता को पहचानने की एक प्रक्रिया है। श्री मांडविया ने कहा कि यह मंच राष्ट्र निर्माण में युवाओं को सक्रियता से शामिल करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने युवाओं से भविष्य में विकसित भारत का नेतृत्व करने के लिए निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने का आह्वान किया।

———————————————————

गुजराज के सोमनाथ मंदिर पर हुये आक्रमण के एक हजार वर्ष पूरा होने पर आज देशभर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में शामिल होंगे। इस अवसर पर देश के सभी शिवालयों में दीपोत्सव और ओंकार जप का आयोजन किया गया है। इधर, पटना समेत राज्य के सभी शिवालयों में जलाभिषेक किया जा रहा है। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष रंणवीर नंदन ने बताया कि बारह ज्योतिर्लिंगों में एक सोमनाथ की परम्परा का एक पवित्र अंश मधुबनी जिले के सौराठ स्थित सोमनाथ महादेव मंदिर में भी है। उन्होंने

प्रदेश के सभी मठ, मंदिरों के प्रबंधकों से इस आयोजन में सहभागी बनने का आग्रह किया है।

———————————————————

न्यूनतम और अधिकतम तापमान में लगातार गिरावट आने से प्रदेशभर में कड़ाके की ठंड का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आई है। चार दशमलव दो डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ गयाजी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस से अड़तालीस घंटों के दौरान न्यूनतम और अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। इधर, आज राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में दोपहर बाद धूप खिलने से लोगों को ठंड से मामूली राहत मिली है।

———————————————————

आकाशवाणी, पटना के प्रादेशिक समाचार एकांश द्वारा आज सामयिक चर्चा कार्यक्रम के तहत कृषि मंत्री रामकृपाल यादव के साथ विशेष बातचीत का प्रसारण किया जाएगा। इस कार्यक्रम को रात सात बजकर बावन मिनट से सुना जा सकता है।

———————————————————

आज विश्व हिंदी दिवस है। विदेशों में हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस दिवस की शुरुआत हुई थी। इसका उद्देश्य कूटनीति, शिक्षा और सांस्कृतिक आदान–प्रदान सहित अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हिंदी के उपयोग को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर हिन्दी भाषा के संवर्द्धन को लेकर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

———————————————————

सहरसा में उद्यमी संवाद यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें बियाडा के अधिकारियों ने उद्यमियों को उद्योग विभाग की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर जिले के उद्यमियों की समस्याओं की सुनवाई हुई और मामलों का निपटारा भी किया गया।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।